हरिभूमि
# कोरबा भूमि

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

बिलासपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
शिक्षक सहित 5 अलग-अलग ठिकानों पर वन विभाग का छापा, लाखों का चिरान जब्त



## खबर संक्षेप

### एग्रीस्टैक पोर्टल में कराएं फार्मर रजिस्ट्री

**कोरबा।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 में डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन योजना की शुरुआत की गई है। इस मिशन के अंतर्गत एग्रीस्टैक प्रोजेक्ट के माध्यम से देश के सभी किसानों की भूमि का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। प्रत्येक खसरे का फार्म आईडी तथा प्रत्येक कृषक के समस्त खसरों का 11 अंकों का फार्मर आईडी तैयार किया जाना अनिवार्य है। किसान एग्रीस्टैक पोर्टल में खसरा जोड़ने की प्रक्रिया स्व-पंजीकरण, समिति के एग्रीस्टैक लॉगिन या लोक सेवा केंद्र के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए ऋण पुस्तिका या बी-1, आधार कार्ड तथा आधार से लिंक मोबाइल नंबर आवश्यक है।

### महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का ई-केवाईसी जरूरी

**कोरबा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पंजीकृत सभी हितग्राहियों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है। योजना का लाभ प्राप्त कर रही सभी पात्र महिलाएं यह सुनिश्चित करें कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना ई-केवाईसी अवश्य पूर्ण करा लें। ई-केवाईसी की प्रक्रिया 30 जून तक शिविरों के माध्यम से की जाएगी। जिन हितग्राहियों का ई-केवाईसी इस अवधि में पूर्ण नहीं हो पाएगा, उनके लिए 1 जुलाई से 31 अगस्त तक संबंधित परियोजना कार्यालयों में विशेष व्यवस्था की जाएगी।

### कोल इंडिया ने ठेका मजदूरी की दरों में किया संशोधन

**कोरबा।** कोल इंडिया ने ठेका मजदूरों की मजदूरी दरों में संशोधन किया है। जारी अधिसूचना के मुताबिक औद्योगिक श्रमिकों के औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए मजदूरी दरों में संशोधन किया गया है। नई दरें 1 अप्रैल से लागू होकर 30 सितंबर तक प्रभावी रहेंगी। इसमें परिवर्तनीय महंगाई भत्ता (वीडीए) को शामिल किया गया है। इसके अनुसार नई दैनिक मजदूरी दरें अकुशल श्रमिकों के लिए 1320 रुपये प्रति दिन, अर्धकुशल/सुपरवाइजरी श्रमिकों के लिए 1354 रुपये, कुशल के लिए 1387 रुपये व उच्च कुशल श्रमिक को 1421 रुपये प्रतिदिन निर्धारित की गयी हैं। कंपनी के अनुसार यह कदम श्रमिकों को महंगाई के प्रभाव से राहत देने व उनकी आय में संतुलन बनाये रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। इसका लाभ खनन गतिविधियों में लगे ठेका मजदूरों को मिलेगा। इसे सभी संबंधित अनुषंगी कंपनियों एसईसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल, ईसीएल समेत अन्य इकाइयों में लागू किया जायेगा।

### भविष्य निधि कानून में बदलाव, उल्लंघन पर 50 हजार तक जुर्माना

**कोरबा।** केंद्र सरकार ने कोयला खदान भविष्य निधि तथा विविध उपबंध अधिनियम 1948 के तहत दंड प्रावधानों में बड़ा संशोधन किया है। नये प्रावधानों के तहत अब नियमों के उल्लंघन पर लगने वाला जुर्माना कई गुना बढ़ा दिया गया है। किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर अब न्यूनतम पांच हजार रुपये से लेकर अधिकतम 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जायेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम कोयला क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। अब पहले की तुलना में छोटी सजा के बजाय कड़े आर्थिक दंड का प्रावधान लागू किया गया है, जिससे कंपनियों और ठेकेदारों पर नियमों का पालन करने का दबाव बढ़ेगा। पुराने कानून के अनुसार किसी भी व्यक्ति द्वारा अधिनियम या उसके तहत बनाये गये किसी योजना का उल्लंघन करने पर अधिकतम छह महीने की सजा या 1000 रुपये तक जुर्माना या दोनों का प्रावधान था। बार-बार उल्लंघन करने पर सजा एक साल तक और जुर्माना 2000 रुपये तक हो सकता था। सरकार ने धारा 9ए के तहत दंड निर्धारण के लिए एक अधिकारी नियुक्त करने का प्रावधान किया है।

# रुमगढ़ा में सब स्टेशन बनाने सर्वे पूरा, राजस्व विभाग के साथ मिलकर जमीन तलाश रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रुमगढ़ा और उसके आसपास के गांव को जल्द ही विद्युत व्यवस्था बेहतर मिलने लगेगी। इसके लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा रुमगढ़ा में एक नया सब स्टेशन स्थापित करने की दिशा पर प्लान किया है। बताया जाता है कि सब स्टेशन तैयार करने के लिए राजस्व विभाग के साथ मिलकर विद्युत वितरण विभाग की टीम जमीन की तलाश कर रही है। जैसे जमीन फाइनल होगा इसके बाद टेंडर की प्रक्रिया का सब स्टेशन स्थापित किया जाएगा।

अलग खबर

उल्लेखनीय है कि जिले में विद्युत वितरण विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति करने की दिशा पर लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस कड़ी में शहरी क्षेत्र में अलग-अलग क्षेत्र में डबल सप्लाई के साथ बेहतर सुविधा के लिए सब स्टेशन स्थापित किया जा रहे हैं। बताया जाता है कि दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले रुमगढ़ा और उसके आसपास के एक दर्जन गांव ⏭ शेष पेज 3 पर

### एक दर्जन गांव सहित 5000 उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

**खास बातें**
- दर्री जोन के अंतर्गत तैयार होगा सब स्टेशन
- लो वोल्टेज व पावर की समस्या होगी दूर



**जमीन की हो रही तलाश**

दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले रुमगढ़ा में नया सब स्टेशन बनाने की दिशा पर सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है। राजस्व विभाग के साथ मिलकर जमीन की तलाश की जा रही है। जैसे ही जमीन आवंटित होगा सब स्टेशन बनाने की दिशा में काम शुरू कर दिया जाएगा। इस सब स्टेशन के बनने से 5000 से अधिक उपभोक्ता और एक दर्जन गांवों के उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

-रोशन लाल वर्मा, ईई विद्युत वितरण विभाग कोरबा शहर

### एक दर्जन गांव भी होंगे लाभान्वित

विद्युत वितरण विभाग के ईई रोशन लाल वर्मा ने बताया कि रुमगढ़ा में नया सब स्टेशन बनाने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। यदि यह सब स्टेशन बनकर तैयार हो जाता है तो निश्चित तौर पर इस क्षेत्र की जनता को बहुत लाभ मिलेगा। क्योंकि रुमगढ़ा, भदरापारा, बालको सहित आसपास के लोगों को जहां डबल सप्लाई का लाभ मिलेगा वहीं इस सब स्टेशन से सतरेंगा रोड में अजगरबहार व आसपास बसे लगभग एक दर्जन से अधिक गांवों को इसी सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति हो सकेगी और एक दर्जन गांवों के अलावा लगभग 5000 से अधिक उपभोक्ताओं को इस सब स्टेशन से सीधा लाभ मिलेगा।

### 6 कर्मचारियों की 20 लाख से अधिक की राशि के गबन का मामला

# सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारियों का लाखों डकार रहा था संविदा कर्मी, फूटा भांडा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत वितरण विभाग के कोरबा ग्रामीण में पदस्थ एक संविदा कर्मी द्वारा विभाग के कर्मचारी की राशि के साथ फर्जी दस्तावेज बनाकर उनकी राशि को अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराकर घोटाला किया है। मामला सामने आने के बाद विभाग के अफसर ने मामले की जांच की और जांच सही पाए जाने पर विद्युत वितरण विभाग के अफसर ने संविदा कर्मी को निलंबित कर दिया है। उसे बर्खास्त करने के लिए अग्रिम कार्रवाई वरिष्ठ अफसर को पत्राचार किया गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने इस मामल में संविदा कर्मचारी के खिलाफ धारा 316 (5), 336, 340, 238 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

यह मामला कोरबा ग्रामीण कार्यालय का है। जहां कर्मचारियों के दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर उनके सेवानिवृत्ति की राशि सहित अन्य राशियों को अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर लिया जाता था। पिछले कुछ माह पूर्व जब एक कर्मचारी को भनक लगी तो उसने इस मामले की शिकायत वरिष्ठ अफसर से की। मामले की जांच की गई तो शिकायत सही पाया गया। जिसके बाद विद्युत वितरण विभाग के कोरबा ग्रामीण के डीई शत्रुघन प्रसाद सोनी द्वारा संविदा कर्मी हरीश कुमार साहू पिता स्व.अंजोर साय को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले की लिखित शिकायत थाने में भी दर्ज कराई गई है। कार्यपालन अभियंता शत्रुघन प्रसाद सोनी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने लाखों रुपए गबन करने वाले संविदा कर्मी हरीश कुमार साहू के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक हरीश कुमार साहू ने सीएसईबी के 6 कर्मचारी जो सेवानिवृत्त हुए हैं उनके ग्रेज्युटी की राशि लगभग 20 लाख 58 हजार 788 रुपए की राशि गबन की गई है। अब विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा घोटालेबाज कर्मचारियों को बर्खास्त करने के लिए वरिष्ठ कार्यालय को भी पत्राचार किया गया है।

**बर्खास्त करने लिखा गया पत्र**

कोरबा ग्रामीण कार्यालय में पदस्थ हरीश कुमार साहू नामक संविदा कर्मी कर्मचारियों के फाइल में छेड़छाड़ करता था और सेवानिवृत्ति सहित अन्य मद की राशि को अपने खाते में स्थानांतरण कर लेता था। मामले की शिकायत पर जांच की गई। जांच में मामला सही पाया गया। जिसके बाद उसे निलंबित कर दिया गया है। अग्रिम कार्यवाही के लिए वरिष्ठ कार्यालय में पत्राचार किया गया है साथ ही उसके खिलाफ अमानत में खयानत का मामला भी दर्ज कराया गया है।

-शत्रुघन प्रसाद सोनी, डीई विद्युत वितरण विभाग कोरबा ग्रामीण

### खराब ट्रांसफार्मर नहीं बदलने पर कलेक्टर ने सब इंजीनियर पर कार्रवाई के दिए निर्देश



कलेक्टर

**कोरबा।** ग्राम कुरुडीह के ग्रामीणों ने कलेक्टर कुणाल दुदावत से मिलकर बताया कि उनके गाँव का ट्रांसफार्मर लंबे समय से खराब है। विद्युत विभाग को बार-बार शिकायत देने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया, जिससे पूरे गाँव में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले तीन माह से ट्रांसफार्मर खराब है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सुधार या प्रतिस्थापन की कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों की शिकायत को कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के ईई रोशन वर्मा को त्वरित आवश्यक निर्देश जारी किए। कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम कुरुडीह में नया विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया। लंबे समय तक लापरवाही बरते जाने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और ईई को निर्देशित किया कि भैसमा वितरण केंद्र अंतर्गत सब इंजीनियर के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# गेवरा-दीपका में गहराया गैस संकट उपभोक्ताओं की लगी लंबी कतारें



गैस एजेंसी में उपभोक्ताओं की लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा-दीपका क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत से आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस सिलेंडर की अनियमित आपूर्ति के चलते गेवरा कंज्यूमर्स कॉपरेटिव कार्यालय में इन दिनों भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे परिसर में लगातार गहमागहमी का माहौल बना हुआ है।

स्थानीय उपभोक्ताओं के अनुसार समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण बड़ी संख्या में लोग रोजाना कार्यालय पहुंच रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने दो महीने पहले गैस बुकिंग कराई थी, इसके बावजूद अभी तक सिलेंडर नहीं मिल सका है। लंबा इंतजार और अनिश्चितता के कारण लोगों को दैनिक जीवन में गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यालय परिसर में भीड़ बढ़ने से अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो रही है और लोगों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी है, जिससे समस्या और गंभीर होती जा रही है। इधर समिति के वित्तीय प्रबंधन को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2022 से लेखा-जोखा स्पष्ट नहीं होने की बात सामने आ रही है, जिसके चलते समय पर गैस खरीदी का भुगतान प्रभावित हो रहा है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है और प्रबंधन की ओर से भी स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। जानकारी के अनुसार, समिति में हाल ही में जानाराम कर्ष को अध्यक्ष तथा छाया देवी को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**खास बात**
- सहकारी समिति कार्यालय में गहमागहमी

# चोरी के 3 अलग-अलग मामलों का पुलिस ने किया खुलासा, बाइक सहित अन्य सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस की टीम ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी के 3 मामलों को सुलझाने में सफलता हासिल की है। जिसमें आरोपियों के कब्जे से मोटर साइकिल, एक्टिवा, गैस सिलेंडर सहित अन्य सामानों को बरामद किया है।

पहली घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र की है। बरपारा कोहड़िया निवासी हंसराज खांडे विगत दिनों अपने परिवार सहित विवाह कार्यक्रम में बाहर गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपियों द्वारा घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया तथा आलमारी एवं गुल्लक में रखी नगदी रकम, लगभग 35 किलो चावल, एक गैस सिलेंडर एवं स्पाइस कंपनी का होम थियेटर चोरी कर लिया गया। इस मामले में पुलिस ने विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। मामले में गणेश चौहान उर्फ राहुल, उम्र 19 वर्ष, निवासी बरपारा कोहड़िया सहित दो नाबालिग युवक शामिल थे। दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र की है। मोटर साइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने 2 विधि से संघर्षरत बालकों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से होंडा शाइन मोटरसाइकिल को जब्त किया है।



आरोपियों से जप्त सामान।

चोरी की तीसरी घटना दर्री थाना क्षेत्र की है। प्रार्थी कमलकांत ठाकुर (उम्र 46 वर्ष), निवासी साडा कॉलोनी, थाना दर्री, जिला कोरबा द्वारा थाना उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया कि वह भेल कंपनी में सीनियर डीजीएम के पद पर कार्यरत है एवं सीएसईबी प्लांट दर्री में कंपनी का कार्य संचालित है। प्लांट परिसर में रखे कंपनी के सामान में से लगभग 200 मीटर पावर केबल अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने विशाल राव उर्फ लाली, पिता अर्जुन राव, उम्र 22 वर्ष, निवासी धनवारपारा कल्मीडुग्गु, किशन कुमार गोंड उर्फ गोलू, पिता लवकुश, उम्र 21 वर्ष, निवासी धनवारपारा कल्मीडुग्गु, यश कुमार श्रीवास, पिता भूपेंद्र श्रीवास, उम्र 20 वर्ष, निवासी धनवारपारा कल्मीडुग्गु को गिरफ्तार किया है।

# शहर की यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने सड़क पर उतरे आयुक्त व सभापति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुनालिया चौक से पुराने कोरबा शहर होते हुये सीतामणी स्टार्टिंग प्वाइंट तक अव्यवस्था के चलते बेपटरी हो चुकी आवागमन व्यवस्था को पटरी पर लाने, प्रतिदिन लगने वाले अनावश्यक जाम से लोगों को राहत दिलाने हेतु आयुक्त आशुतोष पाण्डेय व सभापति नूतन सिंह ठाकुर सड़क पर उतरे, लोगों को समझाईश दी, सड़कों पर वाहनों की बेतरतीब पार्किंग को व्यवस्थित कराया, वहीं सड़क पर अतिक्रमण पर अर्थदण्ड भी लगाया, साथ ही आगे इस पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश भी अधिकारियों को दिये।

**खास बात**
- सुनालिया चौक से सीतामढ़ी तक चला आफिसियल मार्च



दुकानदारों को समझाइश देते निगम आयुक्त व सभापति।

विगत दिन कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला अधिकारियों की बैठक लेकर कोरबा पुराने शहर में अव्यवस्था के चलते सड़क पर प्रतिदिन लगने वाले जाम एवं वहाँ पर बेपटरी हो चुकी आवागमन व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुये व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने के निर्देशा दिये थे। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बुधवार शाम को निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, स्थानीय पार्षद टामेश अग्रवाल एवं ईश्वर पटेल, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों व नगर निगम की टीम के साथ कोरबा के सुनालिया चौक से सीतामणी स्टार्ट प्वाइंट तक आफिसियल मार्च निकाला, सम्पूर्ण मार्ग का पैदल भ्रमण करते हुये डोर-टू-डोर पहुंचे, दुकानदारों ⏭ शेष पेज 3 पर

### पुलिस व निगम की टीम रखेगी कड़ी नजर

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कोरबा पुराने शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने एवं वहां पर प्रतिदिन पैदा की जाने वाली अव्यवस्था को दुरूस्त करने हेतु अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा है कि निगम के अधिकारियों की टीम पुलिस प्रशासन व यातायात विभाग के साथ मिलकर प्रतिदिन सायं 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक उक्त सम्पूर्ण मुख्य मार्ग पर कड़ी नजर रखेगी तथा यह सुनिश्चित करायेगी कि सड़क पर वाहनों की बेतरतीब पार्किंग न हों, विज्ञापन बोर्ड व विक्रय सामग्रियॉं दुकानों के बाहर न रखी जाये, यदि ऐसा किया जाता है तो टीम इस पर कड़ी कार्यवाही करेगी, अर्थदण्ड लगायेगी तथा सामग्री जप्ती की कार्यवाही भी करेगी।

### आवश्यक सेवाओं के लिए पेट्रोल डीजल रिजर्व रखने पंप संचालकों को निर्देश

# पेट्रोल-डीजल की सप्लाई प्रभावित, पंपों पर लगे चेतावनी बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध जैसे हालात का असर अब स्थानीय स्तर पर भी दिखने लगा है। पेट्रोलियम पदार्थों की अनिश्चित आपूर्ति के कारण कोरबा शहर की ऊर्जा और परिवहन व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। शहर के कई प्रमुख पेट्रोल पंपों पर रिजर्व स्टॉक के बोर्ड टांग दिए गए हैं, जिससे आम जनता की चिंता बढ़ गई है। स्पीड पेट्रोल ही विकल्प, सामान्य स्टॉक सीमित वर्तमान स्थिति यह है कि शहर के अधिकांश पंपों पर सामान्य पेट्रोल खत्म हो चुका है और ग्राहकों को केवल प्रीमियम या स्पीड पेट्रोल ही उपलब्ध कराया जा रहा है।




पेट्रोल पंप पर चस्पा की गई चेतावनी।

जानकारी के अनुसार पेट्रोलियम कंपनियों और जिला प्रशासन के निर्देशों के बाद यह कदम उठाया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। रिजर्व स्टॉक के लिए कड़े नियम सर्विस प्रोवाइडर्स को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि उन्हें अपने रिजर्व स्टॉक की जानकारी सार्वजनिक रूप से डिस्प्ले करनी होगी। एक निश्चित स्तर (थ्रेशोल्ड) से नीचे स्टॉक पहुंचने पर बिक्री रोक दी जा रही है। यह सुरक्षित स्टॉक मुख्य रूप से अत्यावश्यक सेवाओं (जैसे एम्बुलेंस, पुलिस और फायर ब्रिगेड) के लिए सुरक्षित रखा गया है ताकि संकट की स्थिति में ये सेवाएं बाधित न हों। तनाव का वैश्विक और स्थानीय कनेक्शन जानकारों का मानना है कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच लंबे समय से चल रही तनातनी ने ग्लोबल सप्लाई चेन को बुरी तरह प्रभावित किया है। भारत अपनी तेल जरूरतों के लिए काफी हद तक खाड़ी देशों पर निर्भर है, ऐसे में अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता का सीधा असर कोरबा जैसे औद्योगिक शहरों की आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ रहा है।

WE ARE HIRING

**Job Opening**
**CIRCULATION ASSISTANT MANAGER**

**Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post**
Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

**Qualifications :**
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

**Responsibilities :**
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

**How to Apply**
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh 24x7 Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

**खबर संक्षेप**

### ठगी: बिल्डर सहित दो आरोपी गए जेल

**बिलासपुर।** पुलिस ने रिसार्ट बनाने के नाम पर शहर के एक व्यक्ति से सवा तीन करोड़ की ठगी करने वाले बिल्डर सहित दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड समाप्त होने पर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मिनोचा कालोनी निवासी विशाल सिंह चंदेल उर्फ विक्की से रायपुर निवासी बिल्डर दीपेन्द्र पाढ़ी, कुसुमाकर के साथ कान्हा में रिसार्ट बनाने का झांसा देकर वर्ष 2017, 18 में सवा तीन लाख लिया था। उसके बाद पैसा नहीं लौटा रहा था। कोर्ट के आदेश पर परिवाद में पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर एक दिन के पुलिस रिमांड में लिया था। दोनों आरोपियों को कोर्ट ने जेल भेज दिया है।

### डांट लगाने पर 14 साल की छात्रा ने फांसी लगाई

**बिलासपुर।** देर रात तक घूमने से मां व बहनों ने डांट लगाई तो एक 14 साल की छात्रा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन थाना के महिला प्रधान आरक्षक अनिता पाटले ने बताया, कुदूदण्ड गायत्री मंदिर चौक निवासी चंचल यादव पिता राजेन्द्र यादव 14 साल कक्षी नवमीं की परीक्षा दी थी। तीन बहनों में सबसे छोटी थी और उसके पिता उन लोगों से अलग रहते हैं। पिछले कुछ दिनों से चंचल देर रात तक बाहर घूमकर घर लौट रही थी। 8 अप्रैल की रात 10 बजे वह बाहर से घूमकर घर आई। मां व बड़ी बहनों ने देर रात तक बाहर घूमने पर डांट फटकार लगा दी। इससे क्षुब्ध होकर देर रात चंचल ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 9 अप्रैल की सुबह घरवाले सोकर उठे तो उसकी फांसी पर लटकी लाश दिखी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव फंदे से उतारकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बिलासपुर।** सदरबाजार में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, पेंड्रा निवसी अगम वात्सलय जैन पिता कमलेश जैन 32 साल गोंड़पारा में किराए के मकान में रहकर होटल में काम कर रहे थे। 8 अप्रैल की सुबह रेपीडो बाइक बुक कर जा रहे थे। सदरबाजार में अज्ञात वाहन के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अगम को गंभीर चोट आई। रैपीडो के चालक उन्हें इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

**पशुपालन विभाग ने जारी किया आदेश** — अपने पास रखा माल बेच सकेंगे चिकन व्यावसायी

# 10 किलोमीटर के दायरे में चिकन की बिक्री पर रोक हटी, परिवहन पर प्रतिबंध जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद शहर में 24 मार्च से चिकन एवं अंडे-चूजों की बिक्री पर लगाया गया पूर्ण प्रतिबंध अब हटा दिया गया है। चिकन व्यवसायी अपने पास उपलब्ध उत्पादों की बिक्री कर सकेंगे। इस दौरान मुर्गे-मुर्गियों व चूजे-अंडों के आवागमन पर प्रतिबंध यथावत रहेगा। न तो यहां के उत्पाद बाहर भेजे जा सकेंगे और न ही बाहर से माल यहां मंगाया जा सकेगा।

पशुपालन विभाग द्वारा 21 दिनों के प्रोटोकॉल के बाद स्थिति सामान्य रहने की स्थिति में एक से दस किलोमीटर के दायरे में चिकन व इससे संबंधित उत्पादों की बिक्री पर लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया गया है। चिकन व्यवसायी अपने पास उपलब्ध उत्पादों की बिक्री कर सकेंगे।

इस दौरान हर पंद्रह दिनों में पशुपालन विभाग द्वारा कुक्कुट उत्पादों की जांच भी की जाएगी। हर पंद्रह दिनों में लगातार चार बार जांच करने के बाद भी यदि स्थिति सामान्य रही तो परिवहन पर लगाया गया प्रतिबंध भी हटाया जा सकेगा, लेकिन तब तक व्यवसायी किसी भी तरह के कुक्कुट उत्पादों का परिवहन नहीं कर सकेंगे


शहर में 145 मुर्गा दुकान, हर दिन एक करोड़ का कारोबार ठप
सात दिन नहीं खुलेगा कानन जू का गेट

### बिक्री पर 3 महीने तक प्रतिबंध यथावत

कोनी स्थित शासकीय पोल्ट्री फार्म से एक किलोमीटर के दायरे में खोली गई दुकानों में चिकन व इससे संबंधित सारे उत्पादों की बिक्री तीन महीने तक प्रतिबंधित ही रहेगी। इस दौरान आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर उत्पादों को भूमिगत कर दिया जाएगा व इसका मुआवजा भी संबंधितों को नहीं दिया जाएगा। यह कार्रवाई प्रतिबंध के दौरान बाहर से कुक्कुट उत्पादों का परिवहन करने वालों के खिलाफ भी की जाएगी।

### एक किलोमीटर पर रहेगा प्रतिबंध

कोनी स्थित कुक्कुट प्रक्षेत्र से शून्य से एक किलोमीटर के दायरे में स्थापित दुकानों में बिक्री तीन महीने तक प्रतिबंधित ही रहेगी। इसी तरह एक से दस किलोमीटर के बीच चिकन उत्पादों की बिक्री पर लगाया प्रतिबंध हटा दिया गया है। व्यवसायी अपने पास उपलब्ध उत्पादों की बिक्री कर सकेंगे, लेकिन उत्पादों के बाहर भेजने व बाहर से लाने की अनुमति नहीं होगी।

**-डा. जीएस तंवर**, संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग

### विशेषज्ञों का यहां रिपोर्ट देने से इनकार, बोले भारत सरकार ने भेजा

एम्स रायपुर की चार सदस्यों वाली टीम ने शहर में तीन दिनों तक रूककर बर्ड फ्लू का शहरवासियों पर हुए संभावित असर की विस्तृत जांच की थी, जिसकी गुरूवार को उन्हें रिपोर्ट सौंपनी थीं।

**■ एम्स रायपुर के विशेषज्ञों द्वारा आज दी जानी थी रिपोर्ट**

पशुपालन विभाग द्वारा रिपोर्ट मांगे जाने पर विशेषज्ञों ने भारत सरकार के निर्देशानुसार यहां आने की बात कहते हुए रिपोर्ट भी भारत सरकार को ही सौंपने की बात कही।

भारत सरकार के निर्देशानुसार बर्ड फ्लू से शहरवासियों में संभावित असर का पता लगाने शहर पहुंची एम्स रायपुर के चार सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम ने वापसी कर ली है। तीन दिनों तक शहर में रहने के दौरान उन्होंने कोनी स्थित शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र एवं वेटनरी कॉलेज सहित आसपास के गांवों का भी निरीक्षण किया था। बुधवार को जांच से संबंधित काम पूरा होने के बाद टीम के द्वारा गुरूवार को रिपोर्ट सौंपी जानी थी। इस दौरान पशुपालन विभाग के अधिकारियों के द्वारा रिपोर्ट की मांग भी की गई, लेकिन विशेषज्ञों ने यहां रिपोर्ट देने से मना कर दिया। विशेषज्ञों का कहना था कि उन्हें भारत सरकार द्वारा निरीक्षण के लिए यहां भेजा गया है। ऐसे में रिपोर्टिंग भी भारत सरकार को ही की जाएगी।

### सकारात्मक रिपोर्ट दी गई होगी

एम्स रायपुर की टीम के द्वारा गुरूवार को अपनी रिपोर्ट दी जानी थी। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार यहां जांच के लिए उपस्थित होने की बात कहते हुए रिपोर्ट भी भारत सरकार को ही प्रस्तुत करने की बात कही गई है। विशेषज्ञों ने सारी व्यवस्थाओं से संतुष्ट होने की बात कहते हुए सकारात्मक रिपोर्ट देने का भरोसा दिया है।

**-डा. जीएस तंवर**, संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग


गुरुवार को अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते नगर निगम का अमला।

## दुकानों की पार्किंग पर कार्रवाई, डी मार्ट की रेलिंग तोड़ी गई

# बेसमेंट पार्किंग में कोचिंग, सर्विसिंग सेंटर गोदाम को नगर निगम ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम द्वारा पार्किंग स्थल का दुरूपयोग करने वाले संस्थानों के खिलाफ गुरुवार को कार्रवाई की गई है। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर तीन भवनों के पार्किंग को सील किया गया है और डी मार्ट के द्वारा सड़क की ओर बनाई गई लोहे की रेलिंग तोड़ी गई है। डी मार्ट को 48 घंटे के भीतर नक्शा अनुरूप बाउंण्ड्रीवाल बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर आज भवन अधिकारी अनुपम तिवारी के साथ निगम की टीम पार्किंग के मामले में कार्रवाई करने निकली। निगम द्वारा सीपत रोड में स्थित पार्किंग का दुरूपयोग करने वाले भवनों के पार्किंग को सील किया गया। सीपत रोड में संचालित मौसाजी स्वीट्स के दुकान के बेसमेंट में सर्विसिंग सेंटर संचालित किया जा रहा था, जिसे सील कर दिया गया है। इसी तरह रॉयल स्वीट्स के बेसमेंट पार्किंग को गोदाम बनाया गया था, उसे भी सील किया गया है। इसके अलावा साइंस कॉलेज के पास पुष्पेन्द्र साहू के बिल्डिंग में बनाए गए पार्किंग स्थल को कोचिंग संस्थान को किराए पर दिया गया था, जिसे सील किया गया है।


गोदाम को सील करते नगर निगम के कर्मचारी।

भवन मालिकों द्वारा पार्किंग स्थल का दुरूपयोग कर अन्य प्रायोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है, जिससे उक्त भवनों की पार्किंग सड़क पर होती है। इसके कारण ट्रैफिक व्यवधान और जाम लगता है। आज कार्रवाई के दौरान भवन अधिकारी अनुपम तिवारी सहित आशीष पाण्डेय, जुगलकिशोर सिंह, अरूण कुमार यादव, रानू पाण्डेय, सुमित तिवारी, लालराम यादव, संतोष वर्मा, शिव बहादुर जायसवाल के साथ ही यातायात पुलिस बल भी शामिल रहा।

# ट्रेन गिराने की कोशिश पकड़े गए नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल लाइन पर 8 से 10 बड़े-बड़े पत्थर रखकर ट्रेन को गिराने की कोशिश करने वालों की खोजबीन के बाद आरपीएफ ने तीन नाबालिगों को पकड़ा है, जिन्होंने खेल-खेल में पत्थर को रेलवे ट्रैक पर रख दिया और कर्मचारी को आते देख फरार हो गए थे। आरपीएफ ने तीनों नाबालिक के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

**■ रेल लाइन पर रखे थे पत्थर**

रेल मंडल बिलासपुर के तहत बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच किसी असामाजिक तत्वों ने रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखकर ट्रेन को गिराने की कोशिश की, जिसकी सूचना पर आरपीएफ और संबंधित विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कोशिश को नाकाम कर दिया। जानकारी के अनुसार बिलासपुर-कटनी सेक्शन के अंतर्गत अमलाई से बुढ़ार के बीच तीन लाइन बनी हुई है। इसमें दोपहर को दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्कक्रांति, हमसफर, गरीब रथ, उत्कल सहित अन्य ट्रेनों का परिचालन होता है। प्रतिदिन की तरह दो दिन पहले दोपहर 12536 रायपुर-लखनऊ गरीबरथ उसलापुर से कटनी की ओर रवाना की गई थी। इस दौरान अमलाई और बुढ़ार के बीच ट्रेन शाम को 17.20 बजे पहुंची, जिसके स्टापेज के बाद रवाना होने का समय 17.45 बजे निर्धारित था। इसी बीच ट्रेन मैनेजर को सूचना मिली अमलाई-बुढ़ार के बीच किलोमीटर 883/27-30 के अप लाइन पर रेलवे ट्रैक में किसी ने ट्रेन को दुर्घटना करने के लिए बैलास्ट के टुकड़े रख दिए हैं। सूचना मिलते ही ट्रेन मैनेजर ने तत्काल ट्रेन को नियंत्रित कर दिया। इसके उपरांत अमलाई पीडब्लूआई और आरपीएफ स्टाफ को सूचित किया गया। जानकारी लगते ही ड्यूटी पर मौजूद टीए और इंजीनियरिंग स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर तत्काल रेलवे ट्रैक पर पड़े बैलास्ट को हटाकर शाम 17.43 बजे ट्रेन रवाना करने ग्रीन सिग्नल दिया। बिलासपुर जोन और डिवीजन के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आरपीएफ गुप्तचर शाखा के उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह, प्रधान आरक्षक दीपक सिंह, वीके तिवारी ने अपराधियों की खोजबीन शुरु कर दी। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों की मदद से तीन अपचारी बालकों की पहचान हुई।


ट्रैक पर पत्थर रखकर ट्रेन गिराने की कोशिश नाकाम
हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर
रेल मंडल बिलासपुर के तहत बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच किसी असामाजिक तत्वों ने रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखकर ट्रेन को गिराने की कोशिश की, जिसकी सूचना पर आरपीएफ और संबंधित विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कोशिश को नाकाम कर दिया।
जानकारी के अनुसार बिलासपुर-कटनी सेक्शन के अंतर्गत अमलाई से बुढ़ार के बीच तीन लाइन बनी हुई है। इसमें दोपहर को दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्कक्रांति, हमसफर, गरीब रथ, उत्कल सहित अन्य ट्रेनों का परिचालन होता है। प्रतिदिन की तरह मंगलवार को दोपहर 12536 रायपुर-लखनऊ गरीबरथ उसलापुर से कटनी की ओर रवाना की गई
स्टापेज के बाद रवाना होने का समय 17.45 बजे निर्धारित था। इसी बीच ट्रेन मैनेजर को सूचना मिली अमलाई-बुढ़ार के बीच किलोमीटर 883/27-30 के अप लाइन पर रेलवे ट्रैक में किसी ने ट्रेन को दुर्घटना करने के लिए बैलास्ट के टुकड़े रख दिए हैं। सूचना मिलते ही ट्रेन मैनेजर ने तत्काल ट्रेन को नियंत्रित कर दिया। इसके उपरांत अमलाई पीडब्लूआई और आरपीएफ स्टाफ को सूचित किया गया।

हरिभूमि मे प्रकाशित खबर।

# गर्मी में एसी बंद, यात्रियों ने किया हंगामा

**बिलासपुर।** भीषण गर्मी में उत्कल एक्सप्रेस का एसी अचानक बंद हो गया, जिससे हलाकान यात्रियों ने चेन पुलिंग कर हंगामा मचाना शुरु कर दिया। इसके कारण उत्कल एक्सप्रेस करीब एक घंटे तक उसलापुर स्टेशन में खड़ी रही।


**■ एक घंटे खड़ी रही उत्कल**




प्रतिदिन की तरह कटनी, पेण्ड्रारोड की ओर से बिलासपुर होकर पुरी जाने वाली 18478 योगनगरी ऋषिकेश हरिद्वार-पुरी उत्कल एक्सप्रेस गुरुवार को भी निर्धारित समय से काफी लेट चल रही थी। इस ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन पहुंचने का समय सुबह 9 बजे का रहता है। वहीं गर्मी के समय ज्यादातर यात्री एसी कोच में ही सफर करना पसंद कर रहे हैं। एक ओर गर्मी और दूसरी ओर ट्रेन लेट के कारण उत्कल में सफर करने वाले यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी पेण्ड्रारोड रेलवे स्टेशन के बाद हुई, जब एसी कोच एम 1 के एसी ने काम करना बंद कर दिया। दोनों ओर से गेट बंद और खिड़की में कांच के कारण यात्रियों को परेशानी होने लगी। यात्रियों ने इसकी शिकायत ट्रेन के एसी अटेंडर और टीटीई से की, लेकिन एसी को ठीक नहीं किया गया। दोपहर 12.30 बजे ट्रेन उसलापुर स्टेशन के पास पहुंची, जिसके स्टेशन में स्टापेज नहीं दिए जाने और एसी को ठीक नहीं करने पर यात्रियों ने चेन पुलिंग कर हंगामा मचाना शुरु कर दिया। यात्रियों के हंगामा और ट्रेन रूकने के कारण आरपीएफ और अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचे, जहां यात्रियों ने एसी को ठीक करने मांग की। यात्रियों की मांग के बाद एसी स्टाफ को बुलाया गया। करीब एक घंटे बाद एसी ठीक कर ट्रेन को बिलासपुर की ओर रवाना कर दिया गया। इसकी वजह से बिलासपुर स्टेशन में दो घंटे लेट पहुंचने वाली उत्कल तीन से चार घंटे विलंब से आई।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से फारेस्ट गार्ड की मौत, एक घायल

**बिलासपुर।** छठ्ठी कार्यक्रम से लौट रहे बाइक सवार फारेस्ट गार्ड को पीछे से अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। सिर में गंभीर चोट लगने से गार्ड की मौके पर ही मौत हो गई। उनका दोस्त घायल हो गया। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


मृतक।

रतनपुर पुलिस के अनुसार, कोरबा हरदीबाजार रेकी निवासी अमरनाथ पटेल पिता जानकुराम पटेल 37 साल कटघोरा गुरसिया में फारेस्ट गार्ड के पद पर पदस्थ थे। 8 अप्रैल को वह अपने दोस्त भानूप्रताप राज के साथ रिश्तेदार के घर कोटा लमेर छठ्ठी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। उसके बाद रात में दोनों बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। देर रात कर्रा व रैनपुर के बीच पीछे से अज्ञात वाहन के चालक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उनकी तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। सिर में गंभीर चोट लगने से अमरनाथ पटेल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और भानूप्रताप राज घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए रतनपुर अस्पताल में भर्ती कराया है।

### ट्रैक्टर का ट्राली पलटा नाबालिग मजदूर की मौत

**बिलासपुर।** रतनपुर में रेत का अवैध परिवहन करते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया, इसकी ट्राली पलटने से दबकर नाबालिग मजदूर की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, ग्राम गढ़वट निवासी 17 वर्षीय युवक 9 अप्रैल की सुबह 4 बजे ट्रैक्टर चालक के साथ गांव के नदी में अवैध रूप से रेत लेने गया था। रेत भरने के बाद युवक ट्राली में बैठ गया। चालक के द्वारा रेत घाट में तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाने से ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्राली में दबकर युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद रेत घाट में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।


मृतक।

# युवक को मारा चाकू, सिम्स में भर्ती




**बिलासपुर।** शादी का कार्ड देने के बाहने नकाबपोश तीन युवकों ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलते ही एक नकापोश ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। शोर मचाने पर तीनों भाग गए। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। मोपका निवासी विजय साहू पिता गणेश साहू ने बताया कि 9 अप्रैल की शाम वह शराब दुकान से शराब पीने के बाद घर चला गया। रात 7.30 बजे शादी का कार्ड देने की बात कहते दरवाजा खटखटाने पर उन्होंने दरवाजा खोला। सामने में नकाबपोश तीन युवक खड़े थे। इसी दौरान एक युवक ने उन पर चाकू से हमला कर दिया।

# यूपी से धान लाकर प्रदेश की समितियों में खपाने वाला तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सनावल पुलिस ने यूपी का धान खपाने के मामले में चल रही कार्रवाई के तहत एक और तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की जबकि इस मामले में पटवारी, मंडी ऑपरेटर समेत पांच लोग पूर्व में गिरफ्तार हो चुके है और भारी संख्या में फर्जी दस्तावेज, किसानों के पासबुक समेत अन्य दस्तावेज बरामद हुए थे। बता दें कि अवैध धान की खपत के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान 26 दिसम्बर 2025 को पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने पिकअप क्रमांक यूपी 64 सीटी 4218 को रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। टीम ने वाहन का पीछा कर चालक को पकड़ा गया तो चालक ने कुर्लूडीह निवासी श्याम सुन्दर के घर में अवैध धान अनलोक करने की बात की। पुलिस व राजस्व की टीम ने जब कुर्लूडीह निवासी श्याम सुन्दर गुप्ता के घर की तलाशी ली तो धान के साथ ही किसानो का अत्यधिक मात्रा में अवैध दस्तावेज बरामद हुआ था। सनावल पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि आरोपी श्याम सुन्दर गुप्ता यूपी से कम कीमत में धान लेकर आता है और छत्तीसगढ़ की समितियों में अधिकारियों से सांठ गांठ कर खपाता है। आरोपी श्याम सुन्दर गुप्ता किसानों के ऋण पुस्तिका, बैंक खाता, चेक बुक आदि महत्वपूर्ण दस्तावेजो को अपने कब्जे में रखकर इस पूरे रैकेट को संचालित कर रहा था और शासन को भी करोडो का नुकसान पहुंचा रहा था।



### अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक की मौत, 1 गंभीर

अम्बिकापुर। अलग-अलग दुर्घटनाओं में तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई वहीं एक तेज रफ्तार कार के सड़क किनारे पेड़ से टकराने के कारण एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं कार में सवार तीन अन्य लोग चोटिल हो गए। पहली दुर्घटना कल्याणपुर मार्ग स्थित चंदनबाड़ी के निकट घटित हुई। बताया जा रहा है कि बिश्रामपुर से चार व्यक्ति बरियों पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम डकवा अपने रिश्तेदार के घर आए थे तथा गुरूवार को शाम नई बिना नम्बर की कार से वापस घर लौट रहे थे। तेज रफ्तार कार जैसे ही कल्याणपुर मार्ग स्थित चंदनबाड़ी के पास पहुंची अनियंत्रित होकर सड़क किनारे के पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई वहीं आगे की सीट पर बैठा सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि अन्य तीन सवारों को भी चोटें आई है। घायलों को तत्काल बरियों स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार उपरांत गंभीर रूप से घायल सवार को तत्काल अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया जबकि अन्य घायलों का उपचार स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। दूसरी घटना शंकरगढ़ की है जहां रात्रि 9 बजे अमृत पैकरा पिता भक्तु पैकरा (20वर्ष) बाइक क्रमांक सीजी 30 डी 9819 से बस्ती की ओर निकला था। इस दौरान चिरई बस्ती के पास विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रहे पिकअप क्रमांक सीजी 15 एफ 3198 ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

# बर्न वार्ड की बदलेगी सूरत, जल्द होगा रिनोवेशन

**बिलासपुर।** सिम्स में एक साल के भीतर वार्डों का कायाकल्प हो रहा है, लगातार एक के बाद एक वार्ड संवारे जा रहे हैं, जिससे सिम्स का सूरत ए हाल दिन बद दिन बदल रहा है। ट्राइएज, इमरजेंसी के बाद अब बर्न वार्ड को भी संवारने का बीड़ा उठाया जा रहा है। प्रबंधन 20 बेड के बर्न वार्ड में जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराएगा।

**■ मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन की प्रतिबधता**

बर्न वार्ड जैसे सबसे पुराने वार्ड में मरीजों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वेंटिलेशन की समस्या होने के कारण सीपेज और दुर्गंध मरीजों को सहनी पड़ती है। छत खराब होने के कारण बारिश के दिनों में सीपेज की समस्या भी आम बात है। जिसे लेकर सिम्स प्रबंधन बड़े कदम उठाने जा रहा है। स्वशासी समिति द्वारा जल्द ही बर्न वार्ड में निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा,अन्य वार्ड की तरह बर्न वार्ड का भी रिनोवेशन किया जाएगा। दरअसल बर्न वार्ड में 20 बेड के साथ संचालित किया जा रहा है। सर्जरी वार्ड के तहत यहां डाक्टर और नर्स की ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन असुविधाओं के चलते औसत 5 से 6 मरीज ही वार्ड में भर्ती रहते हैं। आए दिन होने वाली समस्याओं को देखते हुए बर्न वार्ड को नए सिरे से बनाया जाएगा।

### केन्द्रीय फंड से किया जाना था निर्माण

खास बात यह है कि बर्न यूनिट के लिए केन्द्र सरकार द्वारा फंड देने का प्रस्ताव बनाया गया था, प्रबंधन द्वारा इसके लिए पत्राचार भी किया गया लेकिन बाद में ना तो फंड आया और ना ही इसकी स्वीकृति मिल सकी। जिसके बाद से बर्न वार्ड को बर्न यूनिट और क्रिटिकल केयर में में तब्दील नहीं किया जा सका है। प्रबंधन ने बर्न वार्ड की समस्या को देखते हुए अन्य मदों से निर्माण कराने की बात कह रहा है।

### सभी वार्ड संवारे जाएंगे

धीरे-धीरे पिछले 6 से 8 माह में 3 वार्ड पूरी तरह से रिनोवेट हो चुके हैं। कैजुवल्टी, आपरेशन थिएटर,गायनिक, ट्राइएज और अब इमरजेंसी वार्ड भी रिनोवेट हो रहा है। इसके बाद बर्न वार्ड और अन्य वार्डों को संवारा जाएगा।

**-डॉ लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स अस्पताल

## खबर संक्षेप



### सेंट पॉल कान्वेंट स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**हरदीबाजार।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के नाश, जैसे करनी वैसी भरनी, बुरी संगत का असर एवं आदिवासी डांस में मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। शैक्षिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसमें स्तुति, अर्पिता, शिवाय, गौरव, अमायशा आदि बच्चे शामिल रहे। इस अवसर पर अतिथि के रूप में मुकेश जायसवाल, अनिल टंडन, नरेश टंडन, दिलीप, दिलहरण भार्गव, सरपंच लोकेश्वर कंवर की पत्नी, संस्थान प्रमुख हेमंत भास्कर, शिक्षकगण प्रिय, यमुना, उषा, फूलबाई, पूनम, दिव्या ,भावना मेम एवं पालकगण और बच्चे अधिक संख्या में उपस्थित रहे। अनिल टंडन ने नशा के विपरित प्रभावों को बहुत ही स्पष्ट रीति से पालकों को, समझाया एवं नशा नहीं करने का आग्रह भी किया।

### दादी रत्नमोहिनी की मनाई गई पुण्यतिथि

**कोरबा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालयके स्थानीय सेवा केंद्र टीपी नगर स्थित विश्व सदभावना भवन में दादी रत्नमोहिनी की प्रथम पुण्यतिथि को विश्व एकता दिवस के रूप मे मनाकर उनको नमन किया गया। दादी 12 वर्ष की आयु में ही ब्रह्माकुमारी संस्थान मे ईश्वरीय सेवा, विश्व कल्याण के प्रति अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दी थी। 101 वर्ष की आयु में भी उन्होंने कई विदेश यात्राएं की और परमात्मा का संदेश दिया और वर्तमान समय मुख्य प्रशासिका के रूप में उन्होंने अनेकानेक सेवा कर संस्था को शिखर तक पहुंचाया था।

## निधन

### राम सिंह



**दीपका।** सहारा इंडिया परिवार के फ्रेंचाइजी प्रबंधक चेतन निर्मलकर के पिता राम सिंह उम्र 89 का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अन्तिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम घुड़देवा में किया गया।

स्व-गणना के दौरान दी गई सभी जानकारी रखी जाएगी पूर्णतः गोपनीय

# जनगणना 2027 : कलेक्टर ने दिए व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना का कार्य 16 से 30 अप्रैल तक किया जाना निर्धारित है। इस संबंध में जिले में विभिन्न माध्यमों से जागरूकता और प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिले के नागरिकों से अपील की गई है कि वे भारत सरकार, गृह मंत्रालय, जनगणना निदेशालय द्वारा विकसित एचएलओ एप्प के माध्यम से अपनी स्व-गणना स्वयं करें। एचएलओ एप में कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल नंबर से साइन इन कर जनगणना से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देकर जानकारी दर्ज कर सकता है। विवरण सबमिट करने के बाद प्राप्त होने वाला रिफरेन्स नम्बर प्रगणक को मकान सूचीकरण अवधि 1 से 30 मई के दौरान सत्यापन के लिए उपलब्ध कराना होगा। इस प्रक्रिया से परिवारों का मकान सूचीकरण और मकानों की गणना कम समय में पूर्ण हो सकेगी। डिजिटल माध्यम से जनगणना करने पर सरकार को अधिक सटीक और गुणवत्तापूर्ण आंकड़े प्राप्त होंगे। स्व-गणना के दौरान नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। जनगणना जनसांख्यिकी, आर्थिक गतिविधि, साक्षरता और शिक्षा, आवास और घरेलू सुविधाएं, शहरीकरण, प्रजनन, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, भाषा, धर्म, प्रव्रजन, दिव्यांगता सहित अनेक सामाजिक और सांख्यिकी आंकड़ों का सबसे विश्वसनीय स्त्रोत है। जनगणना के आंकड़े कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के समुचित वितरण और निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन कार्य के लिए आधार बनते हैं। जनगणना 2027 दो चरणों में संचालित होगी। प्रथम चरण मकान सूचीकरण और मकानों की गणना वर्ष 2026 में होगी, जिसमें मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं और परिसंपत्तियों से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएं संकलित की जाएंगी। यही आगे की जनसंख्या गणना के ढांचे का आधार बनती हैं। द्वितीय चरण वर्ष 2027 में जनसंख्या की गणना का है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति का विवरण एक निश्चित संदर्भ दिनांक और समय के अनुसार दर्ज किया जाएगा।

# कुसमुंडा खदान में फिर हुआ हादसा, गड्ढे में गिरा डंपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


दुर्घटनाग्रस्त डंपर।

एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में 24 घंटे के भीतर दूसरी बड़ी दुर्घटना सामने आई है। नीलकंठ कंपनी का एक डंपर अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में गिर गया, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक की पहचान सोनपुरी निवासी भीम पटेल के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों ने उसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि इससे पहले मंगलवार सुबह भी इसी खदान क्षेत्र में नीलकंठ साकार जीवी कंपनी के दो डंपर डंप स्लाइड होने के कारण नीचे गिर गए थे। हालांकि उस हादसे में दोनों चालक बाल-बाल बच गए थे। लगातार हो रही घटनाओं के बाद खदान की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि सुरक्षा के नाम पर केवल औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं, जिससे मजदूरों और चालकों की जान जोखिम में है। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी गई है। इधर खदान कर्मचारियों में भारी आक्रोश है और उन्होंने प्रबंधन से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में और बड़े हादसे हो सकते हैं।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह पर स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम, छात्रों को बताए गए आग से बचाव के उपाय


जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित छात्र एवं सुरक्षा बल के जवान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 गोपालपुर में बुधवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अग्निशाखा, एसटीपीपी दर्री के सहायक कमांडेंट सुरेंद्र सिंह एवं उनकी टीम ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं को आग से बचाव और सुरक्षा के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान सहायक कमांडेंट सुरेंद्र सिंह ने बताया कि घर, विद्यालय या किसी भी स्थान पर अचानक आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय सतर्कता और समझदारी से काम लेना चाहिए। उन्होंने प्राथमिक स्तर पर आग बुझाने के उपायों के साथ ही तत्काल फायर सेफ्टी विभाग को सूचना देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जागरूक नागरिक बनना और दूसरों को भी जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान विद्यालय के खेल मैदान में प्रतीकात्मक रूप से आग लगाकर उसे नियंत्रित करने का प्रदर्शन भी किया गया। इस डेमो को देखकर छात्रों ने आग बुझाने की तकनीकों को व्यवहारिक रूप से समझा और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के प्राचार्य बी.एस. अहीरे ने कार्यक्रम में उपस्थित सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट सुरेंद्र सिंह एवं उनकी टीम का स्वागत किया और इस उपयोगी पहल के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन स्नातकोत्तर शिक्षक जी.आर. जांगड़े ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकगण विनोद कुमार वर्मा, रविकांत, विवेक कुमार, दिनेश प्रजापति, करिश्मा उपाध्याय सहित अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भाजपा स्थापना दिवस पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर दीपका क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश मंत्री श्रीमती संतोषी दीवान के नेतृत्व में अपना बूथ, सबसे मजबूत अभियान के तहत ज्योति नगर दीपका में मोहल्ला चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ज्योति नगर की वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता श्रीमती तारा देवी अग्रवाल का महिला साथियों द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

इस कड़ी में दीपका के विभिन्न वार्डों में जाकर वरिष्ठ महिला कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 दीपका बस्ती में वार्ड पार्षद एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीमती ज्योति तिवारी की उपस्थिति में वरिष्ठ भाजपा महिला सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित एवं निर्माणाधीन आवासों का अवलोकन भी किया गया। साथ ही उपस्थित महिलाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। विशेष रूप से भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर महिला मोर्चा द्वारा प्रत्येक घर में भाजपा का ध्वज लगाकर संगठन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का कार्य भी किया जा रहा है। श्रीमती संतोषी दीवान ने बताया कि भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर दीपका के प्रत्येक वार्ड में जाकर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जा रहा है, जिससे संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

## पाली मंडल में सेवा अभियान का हुआ आयोजन



**पाली।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पखवाड़े के अंतर्गत पाली मंडल में सेवा एवं स्वच्छता को समर्पित विशेष अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे शिव धाम परिसर एवं विशाल नोकोनिया तालाब के पचरी क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान के साथ हुई। कार्यकर्ताओं ने पूरे क्षेत्र में साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया और आमजन को भी स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात सुबह 11 बजे स्लम एरिया में सेवा कार्य के तहत फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों, महिलाओं एवं जरूरतमंद लोगों को फल वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक बताया। दोपहर 12 बजे नया बस स्टैंड परिसर में पिछड़ा वर्ग मोर्चा, मंडल पाली द्वारा राहगीरों एवं स्थानीय लोगों के लिए जूस एवं छाछ वितरण किया गया। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए इस सेवा कार्य से लोगों को राहत मिली और भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति सकारात्मक संदेश गया। पूरे कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जेष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेवा भाव के साथ अपनी सहभागिता निभाई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### रुमगढ़ा में...

में एक ही सबस्टेशन पर लोड अधिक होने की वजह से आए दिन उस क्षेत्र में पावर कट और वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधा और लाइट मिल सके इसके लिए विद्युत वितरण विभाग के अधिकारियों ने रुमगढ़ा में एक नया सब स्टेशन स्थापित करने की दिशा में प्रयास किया है। जिसके लिए विभाग में सर्वे का काम पूरा कर लिया है और सब स्टेशन के लिए अब विद्युत वितरण विभाग की टीम राजस्व विभाग से मिलकर जमीन की तलाश कर रही है। जैसे ही जमीन की तलाश पूरी हो जाएगी इसके बाद विद्युत वितरण विभाग द्वारा सब स्टेशन बनाने के लिए टेंडर की प्रक्रिया करेगा। टेंडर के बाद सबस्टेशन बनाने का काम शुरू हो जाएगा। बताया जाता है कि इस सब स्टेशन के बन जाने से रुमगढ़ा और उसके आसपास बसी बस्तियों को डबल सप्लाई मिल सकेगा, साथ ही पावर कट वॉल वोल्टेज की समस्या नहीं के बराबर रह जाएगी।

### शहर की यातायात...

व्यवसायियों को समझाईश दी कि वे अपनी दुकानों के सामने सड़क पर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग न होने दें, विज्ञापन बोर्ड प्रदर्शन विक्रय सामग्री सड़कों पर न रखें एवं शहर की यातायात व्यवस्था को बनाये रखने में अपना सहयोग दें। इस मौके पर सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों व बेतरतीब पार्किंग कर आवागमन बाधित करने वालों पर सांकेतिक अर्थदण्ड भी लगाया गया तथा अगले दिन से इस पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिये गये। इस दौरान आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नये सिरे से रोड की मार्किंग करायें तथा इस रोड मार्किंग के बाहर ही वाहनों की पार्किंग हों, यह सुनिश्चित हो सके। उन्होने सुनालिया चौक से पहले एवं आगे दो-तीन स्थलों पर होने वाले जल भराव की समस्या से निपटने व पानी की सुगम निकासी हेतु आवश्यकतानुसार नाली का निर्माण कराये जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि लोगों द्वारा पत्थर की पट्टियों व अन्य सामग्रियों से नालियों को ढक कर जाम कर दिया गया है, पानी की निकासी नहीं हो पा रही है।

## जनका दास बने किसान कांग्रेस के शहर जिला अध्यक्ष



**कोरबा।** प्रदेश किसान कांग्रेस विभाग ने किसान कांग्रेस विभाग में पहली बार कोरबा शहर जिलाध्यक्ष पद पर वार्ड क्र. 65 भैरोंताल निवासी जनक दास कुलदीप को नियुक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस किसान विभाग के प्रभारी महामंत्री अकील हुसैन ने अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा एवं राष्ट्रीय प्रभारी अखिलेश शुक्ला के सहमति से छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलेट एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डा. चरण दास महंत, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर के अनुमोदन तथा किसान कांग्रेस विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के अनुशंसा से नियुक्त किया गया है।

## आमगांव सब एरिया मैनेजर पर हमला मामले में आठ कोल कामगार किए गए निलंबित

**बिश्रामपुर।** आमगांव खदान परिसर में मंगलवार 7 अप्रैल को सब एरिया मैनेजर पर हुए जानलेवा हमले के मामले ने तूल पकड़ लिया है। कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, एसईसीएल प्रबंधन ने खदान संचालन में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में पटना सरपंच विमला सिंह के पति धर्मचंद्र सिंह मरावी समेत परिवार के 8 सदस्यों को आरोप पत्र थमाते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आमगांव खदान में भूमि के बदले नौकरी पाए पटना सरपंच विमला सिंह के परिवार के 8 सदस्यों को प्रबंधन ने निलंबित किया है। इनमें बैकुंठपुर क्षेत्र में पदस्थ धर्मचंद्र सिंह मरावी (सरपंच पति), खेलावन सिंह मरावी, मानिक चंद्र सिंह, प्रियांशु सिंह मरावी तथा बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत किस्मतिया, विफैया, सोनकेल और चंदा सिंह शामिल हैं। प्रबंधन ने इन सभी को खदान संचालन में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में आरोप पत्र जारी करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

SUPER SPECIALITY NKH HOSPITAL
INSPIRING BETTER HEALTH
Licence No.:KORB0019/HOS
NABH
medanta THE MEDICITY
MEDANTA HOSPITAL
के ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन अब NKH में उपलब्ध
DR. VIPIN CHAND TYAGI
उपलब्ध सुविधाएं-
घुटने का प्रत्यारोपण (Knee Joint Replacement)
कुल्हे का प्रत्यारोपण (Hip Joint Replacement)
अपनी अपॉइंटमेंट को कन्फर्म करने के लिए 10 अप्रैल से पहले पंजीकरण करें।
Dr. Vipin Chand Tyagi
MBBS, D.Ortho
Fellowship - Arthoplasty, Endo-Klinik, Hamburg, Germany
Senior Director
Institute of Musculoskeletal Disorders and Orthopaedics
परामर्श एवं सर्जरी के लिए उपलब्ध
11 से 12 अप्रैल 2026
10000+ घुटने और कूल्हे की सर्जरी
प्राथमिक, जटिल प्राथमिक और रिविजन आर्थ्रोप्लास्टी
पंजीयन के लिए कॉल करें 860-2599-122
आपातकालीन स्थिति के लिए 623-2033-215
टोल फ्री नंबर 1800-3096-570
न्यू कोरबा हॉस्पिटल, मंगलम विहार कोसाबाड़ी, कोरबा
www.nkhhospitals.in newkorbahospital@gmail.com Find Us On-

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

आवश्यकता
एकाउंटेंट :- 1 पद
सेल्स एक्जक्यूटिव (पुरूष) :- 4 पद
सेल्समेन (स्पेयर पार्ट्स) :- 2 पद
वर्कशॉप मैनेजर :- 1 पद
वर्कशॉप असिसटेंट मैनेजर :- 1 पद
अनुभवी को प्राथमिकता
वेतन योग्यतानुसार
TVS बायोडाटा के साथ संपर्क करें
तुलसी ऑटोमोटीव प्रा. लिमि.
मो. 9770100007, 8109980007

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीयन आज

**कोरबा।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर सेना में भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीकरण प्रक्रिया जो 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक थी अब उसकी अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ा दी गयी है। यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत अग्निवीर केटेगरी (अग्निवीर पुरूष जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमैन-दसवीं), ट्रेडमैन (आठवी), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर (नर्सिंग सहायक, सिपाही, फार्मा, हवलदार सेना शिक्षा तथा धर्म शिक्षक) के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। इच्छुक तथा योग्य पुरूष अथवा महिला उम्मीदवार वेबसाईट पर उपलब्ध विभिन्न पदों की अर्हता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

### न्यू शांति नगर हाउसिंग बोर्ड में सड़क निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 39 के अंतर्गत न्यू शांति नगर हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में पार्षद तरुण राठौर एवं समस्त क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में विधिवत भूमि पूजन कर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह कार्य क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी और क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी। इसी प्रकार भविष्य में भी वार्ड में निरंतर विकास कार्य किए जाते रहेंगे, ताकि सभी नागरिकों को सुविधाजनक एवं सुगम जीवन-पर्यावरण मिल सके।

### शिक्षण संस्थानों से रुचि की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले के उत्कृष्ट निजी आवासीय शिक्षण संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। वर्ष 2026-27 के लिए योजना के अंतर्गत निजी विद्यालयों के इम्पैनलमेंट हेतु सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति का आमंत्रण जारी किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।

### बारात से लौट रही कार पेड़ से टकराई

**रायगढ़।** जिले में बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में 8 ग्रामीण घायल हो गए। 3 लोगों की हालत गंभीर है। सभी बारात से लौट रहे थे, तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, चंद्रपुर क्षेत्र के ग्राम कुंदरुझांज के ग्रामीण ओडिशा के विश्वनाथपुर में बारात में शामिल होकर लौट रहे थे। देर रात सभी ईको कार में सवार होकर घर वापस आ रहे थे। कार चालक चंद्रमणि जैसे ही बंगुरसिया के पास पहुंचा, वाहन तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी और सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया।

# डीएसपीएम संयंत्र ने 91 प्रतिशत पीएलएफ के साथ रचा कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए ऊर्जा सचिव एवं विद्युत उत्पादन एवं वितरण कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने उत्पादन कंपनी के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को बधाई दी है।

अलग खबर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने बताया कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा जारी रिपोर्ट में हमारे संयंत्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जिसमें डीएसपीएम ने सर्वोत्तम प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है। यह हमारे कुशल प्रबंधन एवं संयंत्रों के नियमित रख-रखाव का परिणाम है कि निर्धारित मापदण्डों से कई ज्यादा हमारे संयंत्र ने परफॉर्म कर राष्ट्रीय स्तर पर यह कीर्तिमान

**संयंत्र को राष्ट्रीय स्तर पर मिला तीसरा स्थान**



हासिल किया है। डीएसपीएम के दोनों (2×250 मेगावॉट) क्षमता के विद्युत इकाईयों ने 2025-26 में 91 प्रतिशत पीएलएफ (प्लांट लोड फैक्टर) अर्जित किया है। डीएसपीएम ने सीईए (केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण) एवं सीएसईआरसी (छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेग्युलेटरी कमीशन) के निर्धारित लक्ष्य 85 प्रतिशत से भी अधिक 91 प्रतिशत पीएलएफ प्राप्त कर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी का गौरव बढ़ाया है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी ने एक और उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के वार्षिक मूल्यांकन में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन का समग्र प्रदर्शन भी अच्छा रहा है जिसमें 33 संस्थाओं में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी तीसरा स्थान हासिल कर टॉप तीन की श्रेणी में शुमार है। एसके कटियार ने पॉवर जनरेशन कंपनी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इस उपलब्धि से छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी को देश के ऊर्जा उत्पादन पटल पर और अधिक सशक्त पहचान मिली है। हम आगे भी अपना सर्वोत्तम प्रस्तुति देते रहेंगे और कंपनी के प्रगति में नित प्रयासरत रहेंगे।

### बालको वन परिक्षेत्र के सतरेंगा में पुलिस व वन विभाग के 55 अधिकारी कर्मचारियों ने मारा था छापा

# शिक्षक सहित 5 अलग-अलग ठिकानों पर वन विभाग का छापा, लाखों का चिरान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनांचल क्षेत्र में कुछ ग्रामीणों द्वारा जंगल से बड़े पैमाने पर साल, बीजा समेत अन्य प्रजातियों के पेड़ों की कटाई कर उसे चिरान बनाकर घर में छिपाया गया था। जिसे खपाने की तैयारी की जा रही थी। इस बीच 55 से अधिक वन विभाग के अधिकारियों कमर्चारियों ने 6 अलग-अलग स्थानों में दबिश दी। जहां लाखों रुपए कीमती साल, बीजा व अन्य प्रजाति के चिरान जब्त करने में सफलता हासिल की है। जिसकी कीमत 5 लाख रुपए बतायी जा रही है। मामले में पकड़े गए आरोपियो के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

कोरबा वन मंडलाधिकारी प्रेमलता यादव को मुखबीर से सूचना मिली थी कि बालको रेंज के सतरेंगा क्षेत्र में कुछ ग्रामीणों द्वारा बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई कर चिरान तैयार किया गया है और उसे खपाने की तैयारी की जा रही है। सूचना मिलते ही वन मंडलाधिकारी प्रेमलता यादव ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए एसडीओ सूर्यकांत सोनी व वन



जप्त किए गए चिरान।

परिक्षेत्र अधिकारी बालको जयंत सरकार एवं नव पदस्थ वन परिक्षेत्र अधिकारी देवव्रत सिन्हा सहित 55 अधिकारी कर्मचारियों की टीम ने सर्च वारंट के साथ ग्राम सतरेंगा स्थित 6 घरों में दल - बल के साथ दबिश दी गई। इस दौरान भारी मात्रा में व्यापार करने के उद्देश्य से अवैध रूप से संग्रहण कर रखे गये बीजा, साल, हल्दू एवं अन्य प्रजाति के लकड़ी का चिरान बरामद की गई जिसे विधिवत जब्त किया गया। वन विभाग की टीम ने जगत निर्मलकर पिता तेजराम जो कि पेशे से शिक्षा विभाग में शिक्षक के रूप में पदस्थ है के घर से साल, बीजा एवं अन्य प्रजाति के 254 नग चिरान, महेत्तर सिंह पिता नान्ही श्रीवास के घर से साल, बीजा एवं हल्दू प्रजाति के 73 नग चिरान, घासीराम पिता रामसाय के घर से साल प्रजाति के 18 नग चिरान, लच्छीराम पिता उजियार साय के घर से साल एवं बीजा प्रजाति के 10 नग चिरान, भगत राम पिता घासीराम के घर से साल प्रजाति के 04 नग चिरान जप्त किया गया। कार्यवाही के दौरान कुल 359 नग चिरान जप्त किए गए, जिनकी कुल मात्रा लगभग 5.405 घनमीटर ऑकी गई है। जप्त की गई लकड़ी का अनुमानित बाजार मूल्य 4.25 लाख रूपये है। उक्त कार्यवाही में पुलिस बल एवं वन विभाग के कुल 55 अधिकारी एवं कर्मचारियों की संयुक्त टीम के द्वारा शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न की गई है, जिसमें बालको, कोरबा एवं लेमरू परिक्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। इस मामले में वन अधिनियम के तहत आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के दौरान कांती कुमार कंबर, परिक्षेत्र सहायक बालको, सुशील कुमार साहू, परिक्षेत्र सहायक अजगरबहार, रामेश्वर सिंह सिदार, परिक्षेत्र सहायक बड़गांव, श्रवण कुमार गायकी, परिक्षेत्र सहायक लेमरू, ओमप्रकाश भारद्वाज, परिक्षेत्र सहायक दोन्द्रो, अनिल कुमार कंबर, परिक्षेत्र सहायक अजगरबहार ने शामिल रहे।

# युवा कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



धरना प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपते पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल एवं कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस के अन्य संगठनों ने गुरुवार को बालको प्रबंधन के खिलाफ एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया । इस दौरान प्रभावित छोटे ठेले गुमटी संचालकों व लघु व्यवसायिओं और उनके परिजनों के साथ कांग्रेसी मौजूद थे ।

**खास बात**

- राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बालको प्रबंधन की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए आगाह किया कि यदि कार्यशैली में जनहितैषी गतिविधियां को नहीं अपनाया जाता है तो उग्र आन्दोलन किया जायेगा जिसके लिए प्रशासन और प्रबंधन दोनों ही जिम्मेदार होंगे। इस दौरान अतिरिक्त तहसीलदार विष्णु प्रसाद पैकरा एवं नायब तहसीलदार दीपक पटेल को महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया जिसे कलेक्टर कोरबा के माध्यम से प्रेषित किया गया है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, ग्रामीण अध्यक्ष विकास सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर, सुशांत मिश्रा, सुमेर डालमिया, तनवीर अहमद, सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, कुसुम द्विवेदी, मोहन प्रधान, नत्थू लाल यादव, सपना चौहान, राज जायसवाल, पुष्पा पात्रे, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, सहित सभी मंडल, ब्लॉक, वार्ड एवं बूथ कमेटी के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# दोस्त की पत्नी से छेड़छाड़ करने वाले आरक्षक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक आरक्षक द्वारा अपने ही दोस्त की पत्नी के साथ छेड़छाड़ किया जाता था और उस पर बुरी निगाहें रखता था। लगातार छेड़छाड़ की घटना से परेशान विवाहिता ने इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई है। जिस पर पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए आरक्षक के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी नवीन कुमार पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि बांगो थाना में पदस्थ आरक्षक दीप नारायण त्रिपाठी मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक युवक से उसकी दोस्ती थी और उसके घर लगातार आना जाना था। उसकी जान पहचान होने की वजह से उसकी पत्नी से भी वह अक्सर बातचीत किया करता था। बताया जाता है कि 2 अप्रैल को आरक्षक दीपनारायण त्रिपाठी विवाहिता के घर पहुंचा और जब उसका पति घर पर नहीं था तो उसे के साथ उसने छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया है। विवाहिता ने मामले के लिखे शिकायत सिविल लाइन थाने में की है जिस पर पुलिस ने आरक्षक दीप नारायण त्रिपाठी के खिलाफ धारा 74 बीएनएस के तहत अपराध पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




# अब तय सीमा से ज्यादा क्षेत्र में हो सकेगी दुर्लभ खनिजों की खोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार ने दुर्लभ खनिजों के खनन से जुड़े नियमों में संशोधनों की अधिसूचना जारी कर दी। संशोधित नियमों के तहत लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर तय सीमा से अधिक क्षेत्र में दुर्लभ खनिजों की खोज कर सकेंगे। इससे गहरे क्षेत्रों से खनिजों को निकालने में मदद मिलेगी और इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि दुर्लभ खनिजों के खनन क्षेत्र से जुड़े संशोधनों के तहत खनन पट्टों और समग्र लाइसेंसों में सटे हुए क्षेत्रों को खनन में शामिल करने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही प्रमुख पट्टों में संबंधित खनिजों को जोड़ने की भी अनुमति होगी। सटे हुए क्षेत्रों को शामिल करने से गहराई में स्थित खनिजों का ज्यादा से ज्यादा खनन बढ़ेगा, जिनकी अलग से खोज आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं है। नियमों के तहत लाइसेंस प्राप्त आपरेटर मौजूदा पट्टे के क्षेत्र का 10 प्रतिशत या लाइसेंस क्षेत्र का 30 प्रतिशत तक अतिरिक्त क्षेत्र में खनिजों की खोज कर सकेगा। नीलामी वाले पट्टों के लिए ऑपरेटर को जोड़े गए भूमि से खनिजों पर नीलामी प्रीमियम का 10 प्रतिशत भुगतान करना होगा, जबकि गैर-नीलामी पट्टों के धारकों को ऐसे उत्पादन पर रायल्टी के बराबर राशि का भुगतान करना होगा। संशोधनों के तहत खनन पट्टे में किसी भी अन्य खनिज को शामिल करने की अनुमति दी गई है। साथ ही राज्यों के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि वे आवेदन मिलने के 30 दिनों के भीतर ऐसी अनुमति प्रदान करें। एमएमडीआर अधिनियम की सातवीं अनुसूची में निर्दिष्ट महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों या जमीन की गहराई में पाए जाने वाले खनिजों को पट्टे में शामिल करने पर कोई अतिरिक्त शुल्क लागू नहीं होगा। ऐसा इन खनिजों के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है, क्योंकि ये खनिज बहुत कम मात्रा में पाए जाते हैं और इनका खनन तथा प्रसंस्करण करना काफी कठिन होता है।

### तार मिस्त्री परीक्षा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 30 तक

**कोरबा।** संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) बिलासपुर द्वारा तारमिस्त्री परीक्षा माह-जुलाई 2026 में लिया जाना है। परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। उक्त परीक्षा हेतु बिलासपुर, मुंगेली, गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही, कोरबा, जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के आवेदनकर्ता कुदुदण्ड, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर तत्संबंध में जानकारी एवं निःशुल्क आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

हरिभूमि बिलासपुर संस्करण नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

